www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-348 | सागवाड़ा, शुक्रवार, 9 सितम्बर, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)








## विसर्जन- 'बप्पा मोरया' की गूंज के साथ धूमधाम से बप्पा की विदाई

अनंत चतुर्दशी के दिन शुक्रवार को ज़िलेभर में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन उत्साह और उल्लास के साथ दिया गया। शोभायात्रा में ढोल बाजे के साथ शहर सहित आस पास के गांवों में भी विसर्जन किया गया। गणेश प्रतिमाओं की स्थापना अपनी मान्यता के अनुसार एक दिन से लेकर तीन दिन, पांच दिन, सात दिन और नौ दिन तक की जाती है। दसवें दिन यानी अनंत चतुदर्शी के मौके पर उनका विसर्जन किया जाता है। इस मौके पर कामना की जाती है कि लोक कल्याण के लिए हे गणनायक अगले बरस जल्दी आना।









## ब्राह्मण समाज की समस्याओं व उसके समाधान पर चर्चा की

### विप्र कल्याण बोर्ड के उदयपुर संभाग प्रभारी सीताराम शर्मा का सागवाडा में स्वागत

**सागवाड़ा।** राजस्थान सरकार के विप्र कल्याण बोर्ड के उदयपुर संभाग प्रभारी सीताराम शर्मा गुरुवार शाम को सागवाड़ा पहुंचे। उन्होंने सिद्धि महाविद्यालय में विप्र फांउडेशन के तत्वावधान में विभिन्न ब्राह्मण संगठनों और प्रतिनिधियों से मिलकर ब्राह्मण समाज की समस्याओं व उसके समाधान पर चर्चा की। विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में सम्मान समारोह हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विप्र कल्याण बोर्ड के संभाग प्रभारी शर्मा, अध्यक्ष विप्र फाउंडेशन के सागवाड़ा जिला अध्यक्ष प्रकाश व्यास, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट कपिल भट्ट, विप्र फाउंडेशन के डूंगरपुर जिला अध्यक्ष नारायण पंड्या, सिद्धि महाविद्यालय के विनोद त्रिवेदी, देवीलाल फलोत, सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष तेजप्रकाश जोशी, प्राचार्य लोकेश चंद्र भट्ट रहे। कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने शर्मा का बहुमान किया।प्रकाश व्यास ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सागवाड़ा क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के आर्थिक, सामाजिक , राजनीतिक व शैक्षिक स्थितियों की जानकारी दी। एडवोकेट कपिल भट्ट, विनोद त्रिवेदी व देवीलाल फलोत ने समाज के विकास को लेकर सुझाव रखे। विप्रकल्याण बोर्ड के संभाग प्रभारी सीताराम शर्मा नेहरू ने अपने संबोधन में विप्रकल्याण बोर्ड के गठन की आवश्यकताओं व इसकी उपयोगिता के बारे में बताया। इस अवसर पर मनोज दीक्षित, रामचंद्र जोशी, गिरीश गमोट, ललित पुंजोत, विमलकांत भट्ट, रमेश पाठक, गणेश लाल पुरोहित, करुणा शंकर जोशी, डॉ विमलेश पंड्या, रितेश उपाध्याय, एडवोकेट कल्पेश रावल,प्रवीण चंद्र भट्ट, लक्ष्यराज शर्मा, विकास उपाध्याय ,पारस पंड्या, तुलसीराम व्यास समेत ब्राह्मण समाज के कई सदस्य मौजूद रहे । संचालन विप्र फाउंडेशन के जिला महामंत्री प्रदीप गामोट ने किया और आभार तेजप्रकाश जोशी ने जताया।




## गणेश विसर्जन शोभायात्रा में हादसा, पेट्रोल जनरेटर में लगी आग से झुलसे 6 बच्चो सहित 8 लोग

### 4 बच्चो सहित 6 लोगो को किया रेफर

**सीमलवाडा।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के मेवडा गाँव में गणेश प्रतिमा विसर्जन की शोभायात्रा निकालते समय एक हादसा हो गया। ट्रेक्टर-ट्रोली में रखे पेट्रोल जनरेटर में अचानक आग लग गई इस आग से ट्रेक्टर-ट्रोली में बैठे 6 बच्चो सहित 8 लोग झुलस गए। सभी को सागवाडा के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहा से 4 बच्चो सहित 6 लोगो को उदयपुर रेफर किया गया वही 2 बच्चो को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई। डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाने के थानाधिकारी हजारीलाल मीणा ने बताया की अनंत चतुर्दशी के मौके पर थाना क्षेत्र के मेवडा गाँव में गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए बच्चे गणेश प्रतिमा को ट्रेक्टर-ट्रोली में रखकर शोभायात्रा निकाल रहे थे। इस दौरान ट्रेक्टर-ट्रोली में एक पेट्रोल जनरेटर रखा हुआ जिससे डीजे बजाया जा रहा था। अचानक जनरेटर के पेट्रोल टैंक का ढक्कन खुल गया।

जिसके चलते जनरेटर में विस्फोट के साथ आग लग गई। इधर ट्रेक्टर-ट्रोली में बैठे 6 बच्चो सहित 8 लोग आग की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। जिसमे मेवडा निवासी किशन, अजय,अर्जुन,शंकर, विकास, दिशा, सचिन और अंकित झुलस गए। इधर हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरा मच गई। घटना की सुचना पर धम्बोला पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। वही इसके बाद पुलिस व परिजन आग से बुरी तरह झुलसे बच्चो व लोगो को सागवाडा के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहा पर झुलसे हुए बच्चो व लोगो का उपचार शुरू किया गया।

## गणपति मूर्ति विसर्जन करने गए 2 युवकों की डूबने से मौत, देवसोमनाथ नदी और दामडी तालाब में हुई घटना

**डूंगरपुर।** गणपति मूर्ति विसर्जन के दौरान दो अलग अलग हादसों में 2 युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद दोनों के शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखे गए है। वही परिवार के लोगों में मातम का माहौल है। दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चोधरी ने बताया की आज शुक्रवार को फलोज ओर दामडी गांव में गणपति मूर्ति विसर्जन किया जा रहा था। फलोज गांव से मूर्ति विसर्जन की शोभायात्रा देवसोमनाथ पहुंची। युवाओं की टीम मूर्ति लेकर सोम नदी में उतरी। फलौज निवासी भावेश (20) पुत्र भगवतीलाल प्रजापत उनके साथ था। भावेश का पैर अचानक पानी की गहराई में जाकर फिसल गया, जिससे वह डूब गया। नदी में मूर्ति विसर्जन कर रहे युवाओं ने उसे तुरंत बाहर निकाला और डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद भावेश को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी मय जाब्ता हॉस्पिटल पहुंचे। शव को मोर्चरी में रखवाया। वही दूसरी घटना दोवड़ा थाना क्षेत्र के ही दामडी गांव में हुई। दामडी गांव में गणपति मूर्ति विसर्जन की शोभायात्रा दामडी तालाब पर पहुंची। मूर्ति विसर्जन के लिए परेश (25) पुत्र शंकरलाल भी पानी में उतर गया।

## सडक किनारे मिले महिला के शव की हुई पहचान, 3 सितम्बर से लापता थी महिला

**सीमलवाडा।** जिले के रामसागडा थाना क्षेत्र के रेटा-ऊटिया मार्ग पर कल मिले महिला के शव की पुलिस ने पहचान कर ली है। महिला की पहचान रंगेला निवासी पार्वती के रूप में हुई है। जो की 3 सितम्बर से घर से लापता थी।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के रामसागडा थाने के थानाधिकारी अमृतलाल मीणा ने बताया की थाना क्षेत्र के रेटा-ऊंटिया के पास सड़क किनारे कल एक महिला का शव पड़ा हुआ होने की सुचना मिली थी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पैंथर के 6 माह के शावक की हुई मौत, सड़क किनारे मिला शव

**सीमलवाडा।** डूंगरपुर जिले के रामसागड़ा थाना क्षेत्र में कांकरादरा गांव के पास बीती रात किसी अज्ञात वाहन ने पैंथर के शावक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे शावक की मौत हो गई। सुबह सड़क किनारे शावक का शव मिला है।

वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में ले लिया है। डूंगरपुर जिले के उपवन संरक्षक सुगना राम जाट ने बताया कि सुबह ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि डूंगरपुर फॉरेस्ट रेंज के कांकरादरा-गेन्जी मार्ग पर सड़क किनारे पैंथर के शावक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना पर वन विभाग से वनकर्मी अशोक भोई मौके पर पहुंचे। इस दौरान मौके पर लोगो की भीड़ लगी हुई थी वही पैंथर के शावक का शव सड़क किनारे पड़ा हुआ था। वन विभाग की टीम ने लोगो से जानकारी ली। लोगो ने बताया कि वे सड़क से गुजर रहे थे और सड़क किनारे शावक को मृत अवस्था मे देखा था। जिस पर वन विभाग की टीम ने शावक के शव को कब्जे में लेकर रेंज ऑफिस लाया गया। जहां से डूंगरपुर पशु चिकित्सालय में पैंथर के शावक को लाया गया। जहां पर पशु चिकित्सको की टीम ने पैंथर के शावक का पोस्टमार्टम किया। वही शव को वन विभाग की टीम को सुपुर्द किया।

इसके बाद वन विभाग की टीम ने पैंथर के शावक के शव का अंतिम संस्कार किया। इधर वनकर्मी अशोक भोई ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से शावक की मौत होने का अन्देशा है। लेकिन पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद कारणों का खुलासा हो पाएगा। उन्होंने बताया की शावक करीब 6 माह का बताया जा रहा है।

## सागवाडा में 2 करोड़ के काम होंगे, शुरुआत में 3 कामों पर 30 लाख रूपये खर्च होंगे

### लोहारिया तालाब से हुई योजना की शुरुआत, पहले दिन 140 को मिला रोज़गार

**सागवाडा।** इन्दिरा गांधी शहरी रोज़गार गारंटी योजना की शुरुआत शुक्रवार पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, उपाध्यक्ष राजुमामा शेख़, पार्षदों और अधिशासी अधिकारी अभिषेक शर्मा की मौजूदगी में लोहारिया तालाब से हुई। पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि शहरों में रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस योजना की शुरुआत की है। अध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 2 हज़ार से अधिक जाब कार्ड बन चुके हैं, अब तक 500 से अधिक शहरवासी काम की माँग कर चुके हैं। अधिशासी अधिकारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि सागवाडा शहर में 2 करोड़ रुपये के कार्य होंगे।



शहर के लिये 9 काम स्वीकृत हुए हैं। योजना की शुरुआत पर शुक्रवार को 3 काम शुरू होंगे जिसपर क़रीब 30 लाख रूपये खर्च होंगे। काम के आधार पर भुगतान होगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत शहर में स्वच्छता और पर्यावरण के काम किए जाएंगे पहले दिन क़रीब 140 श्रमिकों को काम दिया गया। शहरों के तालाबों का गहराई करण, नालों की साफ़ सफ़ाई, सार्वजनिक स्थलों पर सफ़ाई एवं शमशान घाट एवं पार्को के रख रखाव का कार्य भी इसमें किया जाएगा। आने वाले मजदूरों को राज्य सरकार के निर्देश अनुसार कार्यकम स्थल पर एल ई डी के माध्यम से सरकार द्वारा माननीय मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा किए गए उद्घाटन का सीधा प्रसारण दिखाया गया

## पुनाली कस्बे में एक डेयरी पर दबिश, 165 किलो खुला घी किया जब्त

### घी के नकली होने का अंदेशा, डेयरी संचालक को डिटेन

**आसपुर।** जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने दोवडा थाना क्षेत्र के पुनाली कस्बे में दबिश दी। इस दौरान पुलिस की स्पेशल टीम ने एक डेयरी पर छापा मारते हुए वहा से 165 किलो खुला देशी घी जब्त किया। इधर देशी घी के नकली होने के अंदेशा होने के चलते पुलिस की स्पेशल टीम ने खाद्य निरीक्षक को सुचना दी है। खाद्य निरीक्षक द्वारा घी के सेम्पल लिए जायेंगे। इधर पुलिस की स्पेशल टीम ने डेयरी संचालक को डिटेन कर लिया है। डूंगरपुर जिले की पुलिस के स्पेशल टीम के प्रभारी व डिप्टी मनोज सामरिया ने बताया की डूंगरपुर जिले के जिला पुलिस अधीक्षक राशी डोगरा के निर्देश पर अवेध गतिविधियो के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मुखबिर के जरिये दोवडा थाना क्षेत्र के पुनाली कस्बे में एक डेयरी पर नकली घी बेचे जाने की सुचना मिली थी। जिस पर पुलिस की स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल अरविंद सिंह, राजकुमार, कांस्टेबल राकेश कुमार, अंकित त्रिवेदी और भूपेंद्र कुमार ने पुनाली कस्बे में दबिश दी और उक्त डेयरी पर जाकर छापा मारा। इस दौरान टीम को डेयरी पर भारी मात्रा में खुला देशी घी मिला। जिसमे प्लास्टिक की थैलियों में एक किलो की 61 और आधा किलो की 48 थेलिया बंधी हुई और बिना लेबल के चार डिब्बों में करीब 60 किलो एवम प्लास्टिक के एक केन में करीब 20 किलो ग्राम घी कुल 165 किलो ग्राम घी पाया गया। इधर डेयरी संचालन कर्ता पुनाली निवासी प्रवीण पिता लालशंकर पाटीदार के पास पास कोई वैध कागजात नहीं होने और नकली घी का अंदेशा होने पर पुलिस की स्पेशल टीम ने घी को जब्त कर लिया है।